Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps for the welfare of farmers in Haryana.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): अध्यक्ष महोदय, किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी के सपने को साकार करने के लिए जिले वार फूड पार्क खुलवाई   जाए । जिसमें किसान अपनी फसल को नजदीक और अच्छे दाम में बेच सके । अभी हरियाणा में दो फूड पार्क बनाने की योजना चल रही है । जिसके बनने में लगभग 5-7 साल लगेंगे । इसके लिए मेरा एक सुझाव है कि फूड पार्क को बढ़ावा देने और जल्दी खोलने के लिए प्राईवेट सेक्टर को प्रोत्साहित किया जाए और प्राईवेट कम्पनियों से फूड पार्क खुलवाया जाए ।

वेयरहाउस के लिए सब्सिडी व फसल के रखरखाव के लिए एफसीआई और हेफेड के लिए जितने पैसे दिए जाते हैं, उतने पैसे किसान को डयरेक्ट अपनी फसल के रखरखाव के लिए दे दिए जाएं ताकि किसान अपनी फसल को अपने घर में स्टोर कर सके और जब भी सरकार को जरूरत हो किसान से फसल को ले ले । इसके लिए किसान को चार सौ रुपये प्रति क्विंटल दिया जाए । किसान को आधा पैसा पहले और आधा बाद में दिया जाए । इसके दो फायदे हैं एक तो फसल सुरक्षित रहेगी और दूसरा किसान की आमदनी बढ़ेगी । किसान के दाने-दाने को एमएसपी पर खरीदा जाए । अभी तक सिर्फ 20-25 परसेंट फसल को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है और किसान अपनी फसल को कम दाम में बिचोलियों को बेच देते हैं । जिसका नुकसान किसान को हो रहा है । इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि सभी राज्य सरकारों को इसके लिए गाइडलाइंस जारी की जाएं । पानी की बचत के लिए स्प्रिंक्लिंग सिंचाई की जगह ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा दिया जाए । सिंचाई के लिए जो सब्सिडी दी जाती है उसे ज्यादातर एजेंसी वाले खा जाते हैं । मेरा सुझाव है कि ड्रिप सेट को किसान कहीं से भी खरीदे उसके लिए सब्सिडी किसान को मिले । धन्यवाद ।